# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२५-२०२६**

**कक्षा:-पाँचवीं** | **विषय: हिंदी** | **पाठ:२-पानी पर उतरा हवाई जहाज**

**नोट : प्रस्तुत पाठ से कोई भी १० कठिन शब्द अपनी उत्तर पुस्तिका में स्वयं लिखिए।**

**प्र०/उ०**

**प्र०१- जैनीफर क्यों घबरा रही थी?**

**उ०१-जैनीफर के समुद्री यात्रा करते समय उसके पिता उसके साथ थे परंतु इस बार हवाई यात्रा में वह अकेली जा रही थी, इसलिए वह घबरा रही थी।**

**प्र०२-पायलट ने जैनीफर को केबिन में क्यों बुलाया?**

**उ०-पायलट जैनीफर और उसके पिता को जानता था ।वह उसकी घबराहट कम करना चाहता था इसलिए उसने उसे केबिन में बुलाया।**

**प्र०३-हवाई जहाज के केबिन में कौन-कौन थे?**

**उ०३-हवाई जहाज के केबिन में दो पायलट,एक रेडियो ऑफ़िसर तथा एक इंजीनियर थे।**

**प्र०४-इंजीनियर ने हवाई जहाज वापस ले जाने के लिए क्यों कहा?**

**उ०४-हवाई जहाज के दो इंजनों ने काम करना बंद कर दिया था इसलिए इंजीनियर ने हवाई जहाज वापस ले जाने के लिए कहा।**

**रिक्त स्थान**

**१-उसके पिता पानी के जहाज के इंजीनियर थे।**

**२-सभी यात्रियों ने अपनी सीट बैल्ट बाँध ली।**

३-रेडियो ऑफ़िसर लगातार एयरपोर्ट से <u>संबंध</u> बनाए हुए था।

४-आपको जहाज की गति कम करके बहुत <u>सावधानी</u> से पानी पर जहाज उतारना पड़ेगा।

५-जैनीफर के सुझाव तथा पायलट की <u>होशियारी</u> से इतने लोगों की जान बच पाई थी।

वाक्य प्रयोग

१- आगामी (आगे की)

आगामी वर्ष के लिए सभी तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं।

२-अंतिम (आखिरी)

भारतीय सेना ने शत्रु सेना को सीमा से दूर रहने की अंतिम चेतावनी दे दी है।

३-दल (समूह या झुंड)

वीर बालकों का दल हिमालय की तरफ उत्साह से आगे बढ़ रहा था।

४-संपर्क (बातचीत)

आधुनिक युग में मोबाइल संपर्क का एक अच्छा साधन है।